साप्ताहिक न्याय साक्षी
अधिकार से न्याय तक


# जनता को योजनाओं का लाभ दिलाने बनेगी छह महीने की कार्ययोजना : डॉ. रमन सिंह

## मुख्यमंत्री ने संयुक्त समीक्षा बैठक में अधिकारियों को दिए निर्देश

**रायपुर (आरएनएस)।** मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने कहा है कि राज्य सरकार जनता को विभिन्न योजनाओं का तेजी से लाभ दिलाने के लिए लगातार काम कर रही है। हर जिले में अगले छह महीने की कार्ययोजना बनाकर अधिक से अधिक संख्या में गरीबों और जरूरतमंद लोगों को विभिन्न योजनाओं का लाभ दिलाया जाएगा। डॉ. सिंह ने आज शाम लोक सुराज अभियान के तहत जिला मुख्यालय महासमुंद में आयोजित दो जिलों - गरियाबंद और महासमुंद की संयुक्त समीक्षा बैठक में अधिकारियों को आगामी छह माह की समयबद्ध कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए।



उन्होंने कहा कि हर जिले में जनकल्याणकारी योजनाओं से जुड़े विभाग अगले छह महीने की कार्ययोजना बनाकर उस पर तत्परता से अमल करें। उन्होंने कहा कि सभी योजनाओं में शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करने के प्रयास किए जाने चाहिए। मुख्यमंत्री ने बैठक में सबसे पहले लोक सुराज अभियान 2018 में महासमुंद और गरियाबंद जिले में प्राप्त शिकायतों और मांगों से संबंधित आवेदनों के निराकरण की विस्तार से समीक्षा की। अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को बताया कि महासमुंद जिले में इस वर्ष के लोक सुराज अभियान के प्रथम चरण में आयोजित आवेदन संकलन शिविरों में 98 हजार 515 आवेदन प्राप्त हुए थे। इनमें से लगभग 99.79 प्रतिशत अर्थात 98 हजार 315 आवेदनों का निराकरण कर दिया गया। गरियाबंद जिले में इस दौरान एक लाख 09 हजार आवेदन प्राप्त हुए, इनमें से एक लाख से कुछ अधिक आवेदनों का निराकरण कर दिया गया है। मुख्यमंत्री ने महासमुंद जिले में शिकायतों में आई कमी पर प्रसन्नता व्यक्त की। बैठक में दोनों जिलों में संचालित प्रधानमंत्री आवास योजना, स्वच्छता कार्यक्रम, मनरेगा, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, राशन कार्ड वितरण, सौर सुजला योजना, सौभाग्य योजना, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, आरबीसी 6-4 के तहत सूखा राहत राशि वितरण, प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना, जाति प्रमाण पत्र, खनिज निधि, पेयजल व्यवस्था, राष्ट्रीय स्वास्थ्य बीमा और मुख्यमंत्री स्वास्थ्य बीमा योजना की प्रगति की समीक्षा की गई। डॉ. सिंह ने दोनों जिलों में शासन की विभिन्न योजनाओं के तहत विगत 14 वर्षों में और विशेष रूप से विगत पांच वर्षों में प्राप्त उपलब्धियों की प्रशंसा की। उन्होंने मनरेगा के तहत महासमुंद और गरियाबंद जिले में किसानों की निजी भूमि में डबरी निर्माण योजना की अच्छी उपलब्धि की प्रशंसा की। उन्होंने शौचालय निर्माण और मनरेगा के बकाया मजदूरी भुगतान के कुछ लंबित प्रकरणों में तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिए। डॉ. सिंह ने उज्ज्वला योजना के समीक्षा के दौरान कहा कि अब अनुसूचित जाति-जनजाति वर्ग के सभी परिवारों को उज्ज्वला योजना के तहत गैस कनेक्शन दिया जाना है। उन्होंने इसके लिए सर्वे कर अप्रैल से अभियान चलाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जरूरत पड़ने पर दोनों जिलों के सुदूरवर्ती क्षेत्रों में गैस कनेक्शन वितरण केन्द्र की संख्या बढ़ाई जाए। उन्होंने राशन कार्ड में नए सदस्यों के नाम जोड़ने के कार्य की प्रगति की सराहना करते हुए कहा कि नई गाईड लाईन के आधार पर नए सदस्यों के नाम ग्राम सभाओं में अनुमोदन के बाद राशन कार्ड में जोड़ा जाएं। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री सहज बिजली हर घर योजना (सौभाग्य) के तहत दोनों जिलों के विद्युत विहीन सभी घरों और मजरों टोलों में जून माह तक हर हाल में बिजली पहुंचाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि महासमुंद जिले में सिंचाई पंपों के अधिक बिजली बिल आने की शिकायतों के निराकरण के लिए संबंधित गांवों में शिविर लगाकर प्रकरणों का परीक्षण करते हुए किसानों को राहत पहुंचाने का प्रयास किया जाए।

# माना सरकारी अस्पताल के निजीकरण के विरोध में महिलाओं ने किया प्रदर्शन

**रायपुर (आरएनएस)।** माना बस्ती में संचालित 100 बिस्तर सरकारी अस्पताल के निजीकरण के विरोध में मंगलवार को क्षेत्र की महिलाओं ने स्वास्थ्य संचालनालय का घेराव करते हुए प्रदर्शन किया। और अस्पताल में डॉक्टर, स्टाफ तथा जांच सुविधाओं की मांग की।

माना बस्ती में वर्षो पुराने सरकारी अस्पताल के निजीकरण के विरोध में एवं सुविधाओं की मांग को लेकर कांग्रेस नेता पंकज शर्मा, सुरेश शुक्ला, अमित दास के नेतृत्व में माना बस्ती की दर्जनों महिलाएं मंगलवार सुबह रायपुर कलेक्टरोरेट पहुंची। जहां किसी अधिकारी के नहीं मिलने पर वे सभी स्वास्थ्य संचालनालय पहुंची। पर वहां भी उन्हें किसी जिम्मेदार अधिकारी नही मिला इस बात से नाराज महिलाएं मुख्य गेट के सामने बैठकर धरना प्रदर्शन करने लगीं। प्रदर्शन के दौरान वे सभी निजीकरण का जमकर विरोध करती रहीं। प्रदर्शन कर रही महिलाओं का कहना है कि माना बस्ती में वर्षो से सरकारी अस्पताल संचालित हैं। करीब सालभर पहले उसका अपग्रेड कर उसे 100 बिस्तर अस्पताल बनाया गया, लेकिन सुविधाएं कुछ भी नहीं हैं। वहां डॉक्टर, स्टाफ की लगातार कमी बनी हुई है। ढंग की कोई जांच सुविधाएं नहीं है, जबकि वहां माना बस्ती, टेमरी, धरमपुरा समेत आसपास गांव के सैकड़ों लोग इलाज के लिए पहुंचते हैं। कांग्रेस नेताओं का कहना है कि सरकारी अस्पताल में सुविधा बढ़ाने की मांग शासन-प्रशासन तक कई बार की जा चुकी है, लेकिन उनकी यह मांग पूरी नहीं हो रही है।



# रेलवे ट्रेक पर गिरा पेड़, पैसेंजर और मालगाड़ियों के पहिए थमे



जगदलपुर-विशाखापटनम मार्ग हुआ बाधित

**जगदलपुर (आरएनएस)।** जगदलपुर-विशाखापट्टनम रेल मार्ग पर चिमड़ीपल्ली रेलवे स्टेशन के समीप ग्राम टायडा में पटरियों पर बड़े-बड़े पेड़ गिरकर धराशाी हो जाने से रात एक बजे से रेल यातायात अवरूद्ध हो गया है। इस मार्ग पर चलने वाली यात्री ट्रेनों एवं मालगाड़ियों को कोरापुट स्टेशन में खड़ा कर दिया गया है। रेलवे ने देर शाम तक यातायात बहाल होने की उम्मीद जतायी है। विशाखापटनम मंडल अंतर्गत टायडा के पास बड़े-बड़े पेड़ धराशायी होकर रेलवे ट्रैक में गिरने से किरंदुल-वाल्टेयर मार्ग पर यातायात अवरुद्ध हो गया है। ऐसी संभावना व्यक्त की जा रही है कि पैसेंजर और नाइट एक्सप्रेस ट्रेन इस मार्ग पर मरम्मत पूर्ण होने तक नहीं चलेगी। इस मार्ग पर सफर करने वाले यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है और जो यात्री बीती रात किरंदुल से जगदलपुर के लिए रवाना हुए थे, वे लोग कोरापुट में ही फंसे हुए हैं, फिलहाल इस मार्ग पर मरम्मत का कार्य युद्धस्तर पर जारी है।

# जमीन विक्रय के नाम पर 1.43 करोड़ की धोखाधड़ी

## वाईकॉन डेवलपर्स इंडिया प्रा.लि. संचालक पर अपराध दर्ज

**रायपुर (आरएनएस)।** भूखंड विक्रय करने के नाम पर 1.43 करोड़ रूपए लेकर तय भूखंड किसी अन्य को बेचने के एक मामले में सिविल लाईन थाना पुलिस ने मेसर्स वॉईकॉन डेवलपर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के संचालक व अन्य लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज किया है।

पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी रूपेश शराफपिता राजकुमार शराफ 41 वर्ष निवासी सिविल लाईन ने 27 मार्च को शिकायत दर्ज कराया था कि घटना दिनांक 06 अगस्त 2012 से लेकर 27 मार्च 2018 के मध्य घटना स्थल मेग्नेटो माल में आरोपी मेसर्स वाईकॉन डेवलपर्स इण्डिया प्राईवेट लिमिटेड का संचालक वरूण जैन एवं अन्य लोगों के द्वारा लभाण्डी स्थित पटवारी हल्का नंबर 113/14 खसरा 227/6,7,8,9,10 का कुल रक्बा 3.50 एकड़ भूमि जो कि आरोपी वरूण जैन के नाम पर था, का 4559 वर्ग फुट भूमि को विक्रय करने प्रार्थी से सौदा किया। तय सौदे के अनुसार उक्त भूखंड का विक्रय मूल्य 01 करोड 43 लाख 10 हजार रूपए तय किया गया।

प्रार्थी की ओर से तय सौदे की रकम आरोपी को भुगतान किया गया। इसके बाद आरोपी ने उक्त भूमि का रजिस्ट्री करने के बजाए भूमि किसी अन्य को विक्रय कर प्रार्थी के साथ धोखाधड़ी किया। प्रार्थी की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी वरूण जैन व अन्य के खिलाफ धारा 420-34 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर प्रकरण जांच में लिया है।

# मुठभेड़ में आधा दर्जन नक्सली ढेर, कई घायल, 1 का शव बरामद

**सुकमा (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ के बस्तर संभाग के सुकमा जिले में आज सुबह पुलिस व नक्सलियों के मध्य हुयी मुठभेड़ में पुलिस ने एक वर्दीधारी महिला नक्सली को मार गिराया, जिसका शव बरामद कर लिया गया है।

मुठभेड़ में दर्जन भर नक्सलियों के मारे जाने और घायल होने की खबर है।

बस्तर आईजी विवेकानंद सिंहा ने बताया कि केरलापाल थाने से पुलिस का संयुक्त बल गश्त सर्चिंग एवं एरिया डोमिनेशन के लिए रवाना किया गया था। जंगल में घात लगाए नक्सलियों ने पुलिस पर निशाना साधते हुए फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस बल ने भी फौरन मोर्चा संभालते हुए गोलीबारी की। दोनों ओर से एक घंटे तक रूक-रूककर हुयी फायरिंग के बाद अंततः नक्सलियों के पैर उखड़ गए और वे घने जंगल व पहाड़ियों की आड़ लेकर भाग खड़े हुए। घटनास्थल की सर्चिंग के दौरान एक महिला वर्दीधारी नक्सली का शव बरामद किया गया है, जिसकी शिनाख्त की जा रही है।

### मौके से हथियार एवं गोला बारूद का जखीरा बरामद

मुठभेड़ स्थल पर मौजूद परिस्थितिजन्य साक्ष्य, खून के धब्बे एवं घसीटे जाने के निशान से यह साबित होता है कि कम से कम आधा दर्जन भर नक्सली मारे गए हैं और कई लहुलूहान हुए हैं, साथियों के शव नक्सली अपने साथ ले जाने में कामयाब रहे।

श्री सिंहा ने बताया कि घटनास्थल से गोला-बारूद, बंदूक, डेटोनेटर, बिजली के तार, बैटरी, पिट्ठू, बैनर, पोस्टर, दवाईयां, दैनिक उपयोग की सामग्रियां तथा नक्सली साहित्य का जखीरा बरामद किया गया है।

# रामगढ़ में पिकअप पलटा 13 घायल 4 गंभीर, दर्शन कर लौटते समय हुई दुर्घटना

**अम्बिकापुर (आरएनएस)।** सरगुजा जिले के रामगढ़ घाटी में पिकप पलट जाने की वजह से 13 ग्रामीण घायल हो गए है। दरअसल पिकअप सवार खोंपा और शिवप्रसादनगर के रहने वाले है। सभी ग्रामीण रामगढ़ दर्शन के लिए गए हुवे थे उसी दौरान वापस लौटते समय वाहन का ब्रेक फेल हो जाने की वजह से यह दुर्घटना हुई है।



आज सुबह सूरजपुर जिले के शिवप्रसादनगर और ग्राम खोंपा के तकरीबन 15 ग्रामीण पिकअप में सवार हो कर रामगढ़ पहाड़ी पर स्थित भगवान राम के मंदिर में दर्शन के लिए गए हुवे थे। सभी दर्शन करने के बाद पिकअप में सवार होकर वापस लौटने के लिए निकले ही थे कि उसी दौरान रामगढ़ पहाड़ की ढलान में बड़ा तुर्रा के पास पिकअप का ब्रेक फेल हो गया जिसकी वजह से पिकअप अनियंत्रित हो कर 12 फिट घाटी खाई में जा गिरी।

घटना में 13 ग्रामीणों को चोटें आई हैं जिन्हें उदरपुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में दाखिल कराया गया है, वहीं 4 की हालत गंभीर होने के कारण उन्हें अम्बिकापुर मेडिकल कॉलेज जिला अस्पताल के लिए रेफ्र कर दिया गया है।

# इस बार चुनाव में वीवीपैट मशीन से मतदाता डाल सकेंगे अपना वोट

**जगदलपुर (आरएनएस)।** अगले विधानसभा चुनाव में वीवीपैट मशीन का उपयोग कर मतदाता अपने इच्छित उम्मीदवार को अपना वोट डाल सकेंगे। इसके लिये चुनाव आयोग द्वारा तैयारी की जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार इस वीवीपैट मशीन का उपयोग चुनावी प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने, मतदान के बाद मतदाता पूरी तरह से संतुष्ट हो कि उसका वोट अपने इच्छित उम्मीदवार को ही दिया गया है। साथ ही चुनाव में धांधली रोकने के अंतर्गत इस मशीन का उपयोग किया जायेगा।

उल्लेखनीय है कि वीवीपैट मशीन का तात्पर्य है वोटर वेरिफायबल पेपर ऑडिट ट्रायल। इस मशीन के प्रयोग पूर्व में गुजरात के साथ अन्य जगहों पर हुए चुनावों में किया गया था। इस बार आसन्न विधानसभा चुनाव में निर्वाचन आयोग द्वारा वीवीपैट मशीन के उपयोग किये जाने की जानकारी है।

इस संबंध में निर्वाचन विभाग के सूत्रों ने बताया कि वीवीपैट मशीन से निर्वाचन की प्रक्रिया चार चरणों में पूरी होगी, जिसमें पहला चरण में पीठासीन अधिकारी द्वारा कंट्रोल यूनिट का बटन दबाकर वोट करने अनुमति देगा, इसके बाद दूसरे चरण में मतदाता बैलेट बटन दबायेगा।

# नकबजनी के 7 मामलों का खुलासा,8 आरोपी गिरफ्तार

**भिलाई (आरएनएस)।** भिलाई क्षेत्र में चोरी, नकबजनी के घटनाओं पर अंकुश लगाने व अपराधियों के धरपकड़ हेतु पुलिस द्वारा शहर में संघन पेट्रोलिंग के साथ ही अपराध और अपराधियों की पतासाजी हेतु मुखबीर लगाये गये थे मुखबीर से सूचना मिली की खुर्सीपार क्षेत्र में एक व्यक्ति सोने चांदी के जेवरात को बेंचने का प्रयास कर रहा है कि सूचना पर टीम द्वारा घेराबंदी कर पकड़ा गया। पूछताछ करने पर टाल मटोल करने लगा सुक्ष्मता से पूछताछ करने पर अपना नाम नितीन उर्फ भाउ निवासी भिलाई 3 का होना बताया। सोने चांदी के जेवरात के संबंध में




पूछताछ करने पर अपने गिरोह के ,.प्रभु सोलंकी पिता नत्थु सोलंकी उम्र 25 साल निवासी गतवा तालाब के पास पुरानी भिलाई , लक्ष्मी सोलंकी पति नत्थु सोलंकी उम्र 46 साल निवासी गतवा तालाब के पास पुरानी भिलाई , नितिन हिरेन्द्रकर इन्दर लाल हिरेन्द्रकर उम्र 30 साल निवासी चरोदा पंचशील नगर गुरूद्वारा के पास ,गावेन्द्र अगनेकर पिता नरेन्द्र अगनेकर उम्र 26 साल निवासी बस स्टैण्ड के पास पुरानी भिलाई ,जाकिर खान उर्फ कल्लू पिता शेख निजामुद्दीन उम्र 22 साल निवासी बस स्टैण्ड के पास पुरानी भिलाई, विक्की शाह पिता उमेश साह उम्र 21 साल निवासी खुर्सीपार दुर्गा मंदिर मिलावट पारा , कृष्णा सिंह पिता बाबु लाल सिंह उम्र 30 साल निवासी जी. केबिन चरोदा बी.एम.वाय , जीवन पवार पिता मोहन पवार उम्र 30 साल निवासी जी. केबिन चरोदा बी.एम.वाय के साथ मिलकर खुर्सीपार एवं पुरानी भिलाई क्षेत्र में बहुत सारी चोरियों करना बताया। सभी आरोपियों को पकड़कर अलग-अलग पूछताछ की गई। आरोपियों द्वारा कोई भी अपराध करने से इंकार कर रहे थे। सुक्ष्मता से पूछताछ करने पर इन्होने खुर्सीपार एवं पुरानी भिलाई क्षेत्र में चोरी के वरदात को अंजाम देना स्वीकार किया। आरोपियों ने बताया कि प्रभू सोलंकी इस गिरोह का सरगना है जो अलग-अलग लोगों के साथ अलग-अलग वरदात को अंजाम देता था। पूछताछ पर इन्होने खुर्सीपार क्षेत्र में कुल 4, थाना पुरानी भिलाई क्षेत्र में 2 घरों में ताला तोड़कर चोरी करना एवं बहुत सारे घरों का ताला तोड़कर चोरी का प्रयास करना स्वीकार किया है। कई प्रार्थियों ने अपने घरों में हुई चोरियों की रिपोर्ट नहीं किया है। पकड़ाये गिरोह दिन के समय सुने मकानों का रैकी कर रात्रि में चोरी के वारदात को अंजाम देते थे। पूर्व में भी सभी आरोपी अन्य चोरी के मामलें में चालान किये जा चुके है। दिन के समय पुलिस को चकमा देने के लिए अलग-अलग जगहों पर काम करते थे ताकि जब भी पुलिस को सन्देह हो तब ये अपने अपने काम करने की जगह का नाम बता सके कि हम यहॉं काम करते है।